जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

May 10, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में "स्मार्ट लाइब्रेरियन कैसे बनें" विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

डॉ. जाकिर हुसैन लाइब्रेरी, जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) ने " स्मार्ट लाइब्रेरियन कैसे बनें" विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। इस विस्तार व्याख्यान का आयोजन विशेष तौर पर बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (बीएलआईएस) और मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (एमएलआईएस) पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए किया गया था। दोनों कोर्सेज डॉ. जाकिर हुसैन लाइब्रेरी के अंतर्गत चल रहे हैं।

प्रो. नौशाद अली पी.एम., लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस विज्ञान विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू), अलीगढ़ ने हाइब्रिड मोड में यह विस्तार व्याख्यान दिया। विषय लिया गया था। जाकिर हुसैन पुस्तकालय के छात्रों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। अपने व्याख्यान में डॉ.अली ने बताया कि एक स्मार्ट लाइब्रेरियन के मुख्यतः पांच गुण होते हैं जिनमें; लर्न, इन्नोवेट, कोल्लाबोरेट, कंट्रीब्यूट एवं ट्रांसफॉर्म प्रमुख हैं। यह गुण आज के डिजिटल युग में चुनौतियों का सामना करने के लिए किसी भी लाइब्रेरियन के लिए बेहद ज़रूरी हैं।

जामिया के कार्यवाहक यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉ. सुफियान अहमद ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया और बताया कि यह व्याख्यान 'विस्तार व्याख्यान श्रृंखला' के अंतर्गत 5वां और अंतिम व्याख्यान था। व्याख्यान बहुत अच्छे विचार-विमर्श और प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ संपन्न हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया